विधान परिषद् के द्वितीय सत्र-2025 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-8 का उत्तर :-

| | प्रश्न | | उत्तर |
|---|---|---|---|
| 8 | (क) क्या आयुष मंत्री बतायेंगे कि मानक सेवा नियमावली-2014 अधिसूचना सं0वि0वे0नि0 प्रोष्ठ 189/दस-2014-11-2013 लखनऊ दिनांक 22.09.2014 के क्रम में आयुर्वेद यूनानी व होम्योपैथ विभाग में कब से लागू है? | | वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या-वि0वे0नि0 (प्रकोष्ठ) 189/दस-2014-11-2013, दिनांक 22 सितम्बर, 2014 द्वारा अधिसूचित उत्तर प्रदेश सरकारी विभाग लिपिकीय संवर्ग सेवा नियमावली, 2014 आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी विभाग में तद्दिनांक 22 सितम्बर, 2014 से लागू है। |
| | (ख) क्या उक्त निदेशालय में 15 वर्षों से ज्यादा समय से कार्यरत कार्यालय सहायकों का स्थानान्तरण न किया जाना सरकार की घोषित स्थानान्तरण नीति के विरूद्ध है? | | जी नहीं।<br><br>निदेशालय (आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथी) में कार्यरत कार्यालय सहायकों (लिपिक संवर्ग) का स्थानान्तरण कार्मिक अनुभाग-4 के शासनादेश संख्या-1/2025/119/सामान्य/सैंतालीस-का-4-2025-1/3/96, दिनांक 06 मई, 2025 के आलोक में किया गया है तथा निदेशालय में कार्यरत कार्यालय सहायकों (लिपिक संवर्ग) का पटल परिवर्तन भी समय-समय पर नियमानुसार किया जाता रहा है। |
| | (ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | | उपर्युक्तानुसार। |

डा0 दयाशंकर मिश्र "दयालु"
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)